तिलकधारी महाविद्यालय, जौनपुर

(छात्रवृत्ति कार्यालय) दिनांक – 30/11/2024

सूचना

महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र सत्र 2024–25 हेतु नव प्रवेशित एवं पुनः प्रवेशित छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि छात्रवृत्ति आवेदन फार्म के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्र संलग्न करें।

1. हाईस्कूल अंकपत्र
2. इण्टरमीडिएट अंकपत्र
3. प्रत्येक सेमेस्टर का अंकपत्र
4. प्रथम सेमेस्टर के छात्र–छात्रा अपने माता/पिता/अभिभावक का आय प्रमाण पत्र आवेदन फार्म में भरेंगे।
5. माता–पिता/अभिभावक का आय के सम्बन्ध में रूपये 10 का स्टाम्प पर शपथ–पत्र।
6. छात्र–छात्रा द्वारा शपथ पत्र शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत एवं संस्थान से किसी प्रकार के दण्डात्मक कार्यवाही न होने के सम्बन्ध में।
7. यदि प्रवेश में अन्तराल (गैप) हो तो अन्तराल वर्ष का शपथ पत्र
8. प्रवेश शुल्क रसीद की छाया–प्रति
9. चरित्र प्रमाण–पत्र (तिलकधारी महाविद्यालय का)
10. 75 प्रतिशत या उससे अधिक का उपस्थिति प्रमाण पत्र– प्रथम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र/छात्रायें उपस्थित प्रमाण–पत्र अपने पूर्व विद्यालय/महाविद्यालय प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित मोहर के साथ प्राप्त कर संलग्न करें। द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्रायें उपस्थित प्रमाण पत्र काउन्टर नं०–13 से प्राप्त कर अपने विभागाध्यक्ष की मोहर के साथ प्रमाणित करवाकर संलग्न करें।
11. आधार कार्ड की छायाप्रति
12. एन०पी०सी०आई० मैपिंग स्टेटस का आनलाइन प्रिन्ट (एन०पी०सी०आई० मैपिंगः– बैंक द्वारा खाते को आधार कार्ड से सत्यापन कराना आवश्यक है। यह कार्य खाते के सम्बन्धित बैंक से होना अनिवार्य है।) छात्र खाते से लिंक्ड मोबाइल नम्बर ही फार्म में भरें।
13. आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र तथा उसका आनलाइन सत्यापन (निर्गत प्रमाण पत्र)
14. छात्र/छात्रा उपरोक्त सभी प्रमाण पत्रों को स्वहस्ताक्षर से प्रमाणित करें।
15. छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति आवेदन/रजिस्ट्रेशन कराने के पश्चात सभी प्रमाण–पत्र संलग्न करके शिक्षण संस्थान में अपना बायोमेट्रिक अथेन्टिकेशन कराकर आवेदन वेरिफाई एवं फारवर्ड स्वंय से करायें। यह कार्य छात्रों के लिए अति आवश्यक है।
16. छात्र/छात्रा छात्रवृत्ति फार्म के सबसे ऊपर कक्षा, जाति वर्ग (General या O.B.C. अथवा SC/ST) एवं मोबाइल नम्बर स्पष्ट रूप से अवश्य लिखें।
17. स्नातक प्रथम वर्ष/सेमेस्टर के छात्र/छात्रा फीस रसीद से 50 रूपये (कॉसन मनी) कम करके भरेगें तथा समस्त स्नातकोन्तर प्रथम वर्ष/सेमेस्टर एम०ए०, एम०एस०सी, एम०काम०, एल०एल०बी०, बी०एड०, एल०एल०एम०, एम०एड० इत्यादी के छात्र/छात्रा फीस रसीद से 100 रूपयें कम करके फार्म भरेगें।

प्रतिलिपि सूचनार्थः–

1. समस्त विभाग प्रभारी एवं प्राध्यापक को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने स्तर से छात्र/छात्रा की 75 प्रतिशत उपस्थिति प्रमाणित करें।
2. कार्यालय अधीक्षक लेखाकार एवं छात्रवृत्ति से सम्बन्धित लिपिक।

प्राचार्य 02/12/24

टी०डी० पी०जी० कालेज जौनपुर